प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- राज्य सरकार ने प्रदेश में 30 अप्रैल तक पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव करवाने पर दी सहमति–मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को तैयारियां करने को कहा।

- राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल आज से मनाली में होगा शुरू–मुख्यमंत्री माता हिडिंबा मंदिर में पूजा–अर्चना के साथ कार्निवाल का करेंगे शुभारंभ।

- भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे नितिन नबीन–औपचारिक घोषणा आज।

- राज्य सरकार का विशेष राहत पैकेज आपदा प्रभावित लोगों के लिए बना सहारा।

कैबिनेट

प्रदेश में उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार 30 अप्रैल से पहले पंचायत व स्थानीय निकाय चुनाव करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में अनौपचारिक चर्चा के बाद मुख्यमंत्री ने विभाग को चुनाव के लिए तैयारियां पूरी करने को कहा है। बैठक के बाद मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी देते हुए संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने ये जानकारी दी।

कैबिनेट में चर्चा हुई अनऑफिशियल, कोई एजेंडा नहीं था ये। चीफ मिनिस्टर हैज़ क्लीयरी सैड कि पंचायत चुनाव जो है अप्रैल की जो डैडलाईन है उससे पहले पंचायती चुनाव हो जाएंगे और मुख्यमंत्री ने जो आरडी मिनिस्टर हैं को भी कहा है कि जो भी औपचारिकताएं हैं या चुनाव से संबंधित हैं वह डिपार्टमेंट में पूरी करे। पंचायत चुनाव 30 से पहले हो जाएंगे, एज़ पर द डायरेक्शन ऑफ द हाईकोर्ट।

विंटर कार्निवाल

मनाली का राष्ट्रीय स्तरीय विंटर कार्निवाल आज से शुरू हो रहा है। 24 जनवरी तक चलने वाले इस कार्निवाल का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू माता हिडिंबा मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्निवाल में निकाली जाने वाली झांकियों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। मनाली के इस राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में जिले की पारंपरिक संस्कृति, व्यंजन, महिला मंडलों की नाटी व देश विदेश से पहुंचे कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहती हैं। इस बीच मुख्यमंत्री कुल्लू में करीब 63 करोड़ 55 लाख रूपए की योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे।

भाजपा–नया अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष, नितिन नबीन पार्टी के नए अध्यक्ष होंगे। पार्टी के नेशनल रिटर्निंग अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल नितिन नबीन का नाम प्रस्तावित किया गया है। हालांकि, उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा आज की जाएगी।

राहत पैकेज

राज्य सरकार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को विशेष राहत पैकेज प्रदान कर रही है। आपदा में अपने घर गवाने वाले लोगों के लिए इस राहत पैकेज के तहत मिलने वाली 7 लाख रूपए की राशि मददगार बन रही है। मंडी जिले में अभी तक आपदा से प्रभावित लोगों को मकान बनाने के लिए 31 करोड़ 81 लाख रूपए जारी किए जा चुके हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता.....

प्रदेश सरकार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए मजबूत सहारा बनकर सामने आई है। गत वर्ष की भारी बरसात में जिन परिवारों ने अपने घर गंवाए थे, उनके लिए राज्य सरकार द्वारा घोषित विशेष राहत पैकेज अब नए जीवन की उम्मीद बन रहा मंडी जिला की तहसील कोटली के सुक्का कून गांव की सुनीता देवी इसका जीवंत उदाहरण हैं। वर्ष 2025 की मूसलाधार बारिश में उनका मकान पूरी तरह ढह गया था और परिवार को बेघर होकर रिश्तेदारों के यहां शरण लेनी पड़ी। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उनके लिए खुद से मकान बनाना संभव नहीं था, लेकिन प्रदेश सरकार की विशेष राहत योजना ने उनकी राह आसान कर दी। मकान निर्माण के लिए उन्हें सात लाख रुपये की सहायता स्वीकृत हुई है, जिसमें से पहली किस्त के रूप में चार लाख रुपये मिल चुके हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन के अनुसार मंडी जिला में वर्ष 2025 की बरसात से प्रभावित परिवारों के लिए गृह निर्माण व मरम्मत हेतु अब तक लगभग 31 करोड़ 81 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद।

समझौता ज्ञापन

प्रदेश के सीमावर्ती और दूरदराज के गांवों में औषधीय व सुगंधित पौधों की खेती को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में भारतीय सेना, प्रदेश सरकार और श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद झांसी के बीच ये समझौता हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल किसानों को स्थाई रोजगार देने और पारंपरिक आयुर्वेद पद्धति को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए 83 करोड़ 82 लाख रूपये की लागत से 17 सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से प्रदेश के लिए पी.एम.जी.एस. वाई के तहत सड़कों की मांग रखी थी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को मंज़ूरी मिलने से क्षेत्र सड़क निर्माण के क्षेत्र में गति आएगी।

वंदे मातरम

वंदे मातरम गीत के एक सौ 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन के चौगान मैदान में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को देशभक्ति की भावना से जोड़कर उन्हें देशप्रेम के साथ–साथ नशे से दूर रखना है।

वंदेमातरम् जो हमारा नैशनल सोन्ग हैं उसके आउसके डेढ़ सौ साल पूरे हो रहे हैं जो प्री। इंडिपेंडेंस टाइम में इस सौन्ग के तहत जो हमारे फ्रीडम फाइटर थे उन्होंने साहस और एक दूसरे से इकट्ठे हुए हैं और उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन किया है। आज भी ये सोन्गहै में हमारे यूथ को मोटिवेट करेगा और उन्नति की तरफ बढ़ाएगा। हमारे जो यूथ पढ़ रहे हैं वो अपने आपको नशे से दूर रखें और देश की प्रगति में अपना योगदान दें।

भारत नेट

केंद्र सरकार का संशोधित भारत नेट प्रोजेक्ट ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में सुदृढ़ दूरसंचार व्यवस्था स्थापित करने में मील पत्थर साबित होगा। दूरसंचार विभाग के हिमाचल प्रदेश में लाइसेंस सेवा क्षेत्र के अपर महानिदेशक अनिल कुमार गुप्ता ने धर्मशाला में बताया कि प्रोजेक्ट के तहत फाईबर से प्रदेश की सभी पंचायतों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धर्मशाला वाणिज्य क्षेत्र के तहत कांगड़ा व चंबा जिलों के दुर्गम क्षेत्रों को भी इस प्रोजेक्ट में शामिल किया गया है। अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि इन जिलों की कुल एक हजार एक सौ 23 ग्राम पंचायतों में भारत नेट परियोजना के तहत जुड़ेंगे।

हैपेटाइटिस–बी

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा के स्टाफ को हैपेटाइटिस–बी नामक बीमारी से बचाने के लिए टीके लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मेडिकल कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर पंकज गुप्ता ने बताया कि हैपेटाइटिस–बी को काला पीलिया कहते हैं जो एक गंभीर लिवर इन्फेक्शन है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का अधिकतर खतरा स्वास्थ्य कर्मियों को अधिक रहता है जिसके चलते वैक्सीनेशन लगाने का निर्णय लिया गया है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि युवाओं के सर्वांगीण विकास में पढ़ाई के साथ–साथ खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे सोलन ज़िला के नालागढ़ में 69वीं राष्ट्रीय स्तर की लड़कियों की अंडर–19 कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में साफ मौसम के बावजूद कई स्थानों पर रात का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से कम दर्ज किया जा रहा है। लंबे समय से बारिश न होने के चलते सूखे का दौर जारी है जिससे किसान–बागवान की फसलें खराब होने की कगार पर है जबकि कुछ स्थानों पर पेयजल समस्या भी सामने आ रही हैं।

## सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

राज्य में 30 अप्रैल से पहले पंचायत चुनाव करवाए जाने संबंधी मंत्रिमंडल के निर्णय को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

मुख्यमंत्री के हवाले से हिमाचल दस्तक लिखता है स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तायुक्त दवाएं होंगी उपलब्ध।

## ''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ''

- राज्य सरकार ने प्रदेश में 30 अप्रैल तक पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव करवाने पर दी सहमति–मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को तैयारियां करने को कहा।
- राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल आज से मनाली में होगा शुरू–मुख्यमंत्री माता हिडिंबा मंदिर में पूजा–अर्चना के साथ कार्निवाल का करेंगे शुभारंभ।
- भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे नितिन नबीन–औपचारिक घोषणा आज।
- राज्य सरकार का विशेष राहत पैकेज आपदा प्रभावित लोगों के लिए बना सहारा।